

**इमरान इनकार नहीं कर पाएंगे**

सरफराज ने कहा, वह कुछ सूंघते भी हैं, वह भांग का भी सेवन करते हैं। वह ऐसा लंदन और यहां तक कि मेरे घर में ऐसा करते रहे हैं। 1987 में जब पाकिस्तान और इंग्लैंड का मुकाबला हो रहा था, तो उन्होंने अच्छी गेंदबाजी नहीं की। वह मेरे घर आए और साथ में मोहसिन खान, अब्दुल कादिर और सलीम मलिक भी थे। खाने के बाद उसने चरस पी थी।

## ड्रग्स लेते थे इमरान खान, पूर्व क्रिकेटर सरफराज नवाज ने किया दावा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी सरफराज नवाज ने अपने पूर्व साथी और देश के मौजूदा प्रधानमंत्री इमरान खान पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान के लिए खेलने के दौरान इमरान खान ड्रग्स का सेवन किया करते थे। गौरतलब है कि इमरान की गिनती दुनिया के सर्वकालिक महान ऑलराउंडर्स में होती है। अपनी गेंदबाजी और बल्लेबाजी के अलावा इमरान को एक शानदार कप्तान भी कहा जाता है। उनकी कप्तानी में ही पाकिस्तान ने 1992 का क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता था। पाकिस्तान के पूर्व गेंदबाज सरफराज नवाज ने दावा किया कि उन्होंने 1987 में इमरान खान को ड्रग्स का सेवन करते हुए खुद देखा है। नवाज ने कहा कि उन्होंने इमरान को चरस पीते हुए देखा है। उन्होंने इल्जाम लगाया कि इमरान कोकीन का भी सेवन करते हैं। सरफराज और इमरान 1970 और 80 के दशक में पाकिस्तान के शानदार तेज गेंदबाज थे। पाकिस्तानी वीडियो जो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है उसमें सरफराज ने यह भी दावा किया कि वह इस बात के अकेले गवाह नहीं हैं।


# आरसीबी में नहीं नजर आता आईपीएल 2020 जीतने का दम

**क्रिकेट**

## वॉन ने कहा,2020 में विराट कोहली सामान्य बन गए हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को सोमवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा। अबू धाबी में हुए इस मैच को हारने के बाद भी प्लेऑफ के लिए क्वॉलिफाइ कर गई। दिल्ली की टीम अगर 153 रन के लक्ष्य को 17.3 ओवर तक हासिल कर लेती तो बैंगलोर का रनरेट कोलकाता नाइट राइडर्स से कम हो जाता है। विराट कोहली की कप्तानी वाली टीम का एलिमिनेटर में मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद या कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। अगर सनराइजर्स की टीम मंगलवार को मुंबई इंडियंस को हरा देता है तो कोलकाता की टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो जाएगी। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का हालांकि मानना है कि रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के पास लगातार तीन मैच जीतकर आईपीएल ट्रॉफी पर कब्जा करने का दम नहीं है। वॉन ने कहा, क्या आरसीबी की टीम इस साला आईपीएल जीत सकती है? मैंने शुरू में ही कहा था, मुझे नहीं लगता कि कुल मिलाकर उस टीम में खिताब जीतने का दम है। वॉन ने कहा, देखिए, कुछ भी हो सकता है, खास तौर पर साल 2020 में जब दुनिया पूरी तरह से पलट चुकी है, तो कोई नहीं जानता कि क्या होगा। विराट कोहली बाएं हाथ से बल्लेबाजी करके अपनी टीम को मुश्किल मुकाबले में जीत दिला सकते हैं लेकिन यह एक बहुत मुश्किल काम है।



वॉन ने कहा, मैं टीमों और खिलाड़ियों को गंभीरता से देखता हूं तो पाता हूं क्या बैंगलोर की टीम में वे खिलाड़ी हैं जो दबाव में खेलने के लिए तैयार होंगे... मुझे लगता है कि बैंगलोर के पक्ष में एक ही बात जाती है कि उनके पास आक्रामक क्रिकेट खेलने के सिवाय कोई दूसरा विकल्प नहीं है। देवदत्त पडिक्कल ने एक और हाफ सेंचुरी लगाई लेकिन एक टीम के रूप में बैंगलोर कुल मिलाकर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। कोहली और डि विलियर्स भी बड़ा स्कोर नहीं बना पाए। विराट कोहली की बललेबाजी पर कॉमेंट करते हुए वॉन ने कहा कि बैंगलोर के लिए और मैच जीतने चाहिए।

वॉन ने कहा,2020 में विराट कोहली सामान्य बन गए हैं। उन्हें पता चला है कि कई अन्य खिलाड़ियों को इस दौर से गुजरना पड़ा है। ऐसा नहीं है कि कोहली को बहुत ज्यादा संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने 400 से ज्यादा रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 122 का है लेकिन वह इससे बेहतर खिलाड़ी हैं। वह ऐसे खिलाड़ी हैं जिनका स्ट्राइक रेट 140 से ऊपर होना चाहिए। संभव है कि चीजें उनके हिसाब से नहीं हुई तो इसका असर उनके आत्मविश्वास पड़ा हो।

## श्रेयस को उम्मीद, मुंबई से पार पाने में सफल रहेगी दिल्ली की निर्भीक टीम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अबू धाबी। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान श्रेयस अय्यर आईपीएल में अपनी टीम की लगातार चार हार के बाद शानदार वापसी से बेहद उत्साहित हैं और उनको विश्वास है कि पहले क्वॉलिफायर में वह मौजूदा चौंपियन मुंबई इंडियंस को हराने में सफल रहेंगे। दिल्ली कैपिटल्स ने सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर पर छह विकेट की आसान जीत से शीर्ष दो में जगह बनाई। फाइनल में पहुंचने के लिए उसे अब गुरुवार को मुंबई को हराना होगा।
अय्यर ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'मुंबई इंडियन्स सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक है। लेकिन मैं यह भी कहूंगा कि हमारे पास भी निर्भीक और



बेहतरीन खिलाड़ियों की टीम है।' उन्होंने कहा, 'यह वास्तव में उस दिन के प्रदर्शन पर निर्भर करता है। वे इस तरहके चरण में खेलने के बेहद अनुभवी है लेकिन मैच के दिन जिस टीम का दृष्टिकोण बेहतर रहता है और जो अच्छा प्रदर्शन करती है वह आगे बढ़ने में सफल रहेगी।'
अय्यर ने कहा कि मुंबई के खिलाफ दुबई में होने वाले मुकाबले में सहजता से दबाव का सामना करना महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने कहा, 'हमें दबाव की परिस्थितियों में चीजों को जटिल नहीं बल्कि सरल बनाये रखना होगा। हम जिस तरह से आगे बढ़ रहे थे, यह वास्तव में अच्छी जीत रही और इससे हमारा काफी मनोबल बढ़ेगा। लगातार चार हार के बाद यह जीत हमारे लिये आवश्यक थी। मैं अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन से वास्तव में खुश हूं।'
इस बीच बैंगलोर के स्पिनर शाहबाज अहमद ने कहा कि शिखर धवन का विकेट हासिल करना विशेष था। उन्होंने कहा, 'आईपीएल से पहले अभ्यास शिविर से मुझे मदद मिली। आईपीएल में पहला विकेट और वह भी शिखर धवन का, यह विशेष है। यह अच्छा है कि हमारा नेट रन रेट बेहतर रहा और हम हार के बावजूद आगे बढ़ने में सफल रहे।'

## सूर्यकुमार यादव अकेले नहीं हैं, ऐसे 3-4 खिलाड़ी और भी हैं: शास्त्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 13वें सीजन में मुंबई इंडियंस की तरफ से खेलने वाले सूर्यकुमार यादव ने शानदार प्रदर्शन किया। घरेलू क्रिकेट में भी काफी रन बनाने वाले इस बल्लेबाज के इस साल ऑस्ट्रेलिया के दौरा पर जाने वाली टीम में चुने जाने की उम्मीद थी। चयनकर्ताओं ने सूर्यकुमार को नाम पर चर्चा नहीं की और उनका नाम लिस्ट में नहीं था। टीम चयन के बाद से ही लगातार दिग्गज टीम में उनके ना चुने जाने पर बात कर रहे हैं। टीम इंडिया के मुख्य कोच रवि शास्त्री ने सूर्यकुमार के बल्लेबाजी की तारीफ की है और उनको धीरज से काम करने की सलाह दी। कई बार सोशल मीडिया पर उन्होंने सूर्यकुमार की अच्छी बल्लेबाजी की तारीफ करते हुए ट्वीट किया। अब एक अंग्रेजी वेबसाइट से बात करते हुए कोच ने कहा है कि सूर्यकुमार जैसे कई और भी खिलाड़ी है जिनको टीम इंडिया में जगह पाने का इंतजार है। भारतीय टीम के मुख्य कोच ने साफ किया कि सूर्यकुमार को अभी इंतजार करना होगा। उन्होंने कहा, प्थही मैं हर युवा खिलाड़ी से कहता हूं कि संयम रखें।

## न्यूज डायरी



### रोहित अगर फिट होंगे तो उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे पर शामिल किया जा सकता है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रोहित शर्मा को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टीम में न चुनने के बीसीसीआई के फैसले पर कई सवाल उठ रहे हैं। रोहित को टी20, वनडे और टेस्ट किसी भी टीम में नहीं चुना गया। इस महीने शुरू होने वाले दौरे पर रोहित को चोट और फिटनेस का हवाला देकर नहीं शामिल किया गया। मुद्दा तब और उलझ गया जब मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा के प्रैक्टिस करते कई वीडियो और फोटो शेयर किए। इस मुद्दे पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने रोहित शर्मा के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम का हिस्सा बनने पर अपनी राय जाहिर की। गांगुली ने कहा कि अगर रोहित अपनी फिटनेस साबित कर देते हैं तो सिलेक्टर्स उनके नाम पर जरूर विचार करेंगे। गांगुली ने एक खास इंटरव्यू में बताया, जहां तक रोहित की बात है तो हम उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए फिट चाहते हैं। वह जब भी फिट होते हैं तो मुझे पूरा यकीन है कि सिलेक्टर्स उनकी पोजीशन के बारे में जरूर विचार करेंगे। रोहित ने किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ हुए डबल सुपर ओवर मैच के बाद से कोई मुकाबला नहीं खेला है।

### बैंगलोर को दिल्ली ने हराया, फिर भी दोनों टीमें प्लेऑफ के लिए क्वॉलिफाइ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अबु धाबी। गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद अजिंक्य रहाणे (60) और ओपनर शिखर धवन (54) के अर्धशतकों की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने सोमवार को रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर को 6 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ दिल्ली की टीम ने 16 अंकों के साथ प्लेऑफ के लिए क्वॉलिफाइ किया जबकि बैंगलोर ने 14 अंकों के साथ बेहतर नेट रन रेट के आधार पर प्लेऑफ का टिकट कटाया। अबु धाबी के शेख जायेद स्टेडियम में विराट कोहली की कप्तानी वाली टीम बैंगलोर ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 152 रन बनाए जिसके बाद दिल्ली ने अजिंक्य रहाणे (60) और शिखर धवन (54) के अर्धशतकों की मदद से 19 ओवर में 4 विकेट खोकर ही इस लक्ष्य को हासिल कर लिया। दिल्ली के पेसर एनरिक नोर्त्जे मैन ऑफ द मैच रहे जिन्होंने 3 विकेट झटके।

### रविचंद्रन अश्विन ने पहली बार बनाया विराट कोहली को अपना शिकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अबू धाबी। रविचंद्रन अश्विन हर प्रारूप में एक शानदार गेंदबाज हैं। इंडियन प्रीमियर लीग में उनका प्रदर्शन शानदार रहा है। आईपीएल में उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में चेन्नै सुपर किंग्स के लिए अपने सफर की शुरुआत की। साल 2010 और 2011 में टीम के विजयी अभियान का वह हिस्सा थे। साल 2016 और 2017 में टीम पर दो साल का बैन लगने तक वह टीम का हिस्सा रहे। इस बैन के दौरान वह राइजिंग पुणे सुपर जायंट्स की टीम में रहे। इसके बाद किंग्स इलेवन पंजाब की कमान संभाली और इस सीजन में वह दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेल रहे हैं। इतनी कामयाबी के बाद भी अश्विन ने रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर के कप्तान विराट कोहली को आईपीएल में कभी आउट नहीं किया था। लेकिन सोमवार, 2 नवंबर को इस दिग्गज ऑफ स्पिनर ने आखिर कोहली का विकेट लेने का करिश्मा कर दिखाया। सोमवार को दिल्ली ने एक अहम मुकाबले में बैंगलोर को हराया।

### दुती चंद को सीएम नवीन पटनायक ने दिया आउट ऑफ टर्न प्रमोशन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** भुवनेश्वर। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा कि फर्राटा धाविका दुती चंद को ओडिशा खनन निगम (ओएमसी) में समय से पहले पदोन्नति (आउट ऑफ टर्न प्रमोशन) मिला है। इससे पहले वित्तीय सहायता के मामले में इस ऐथलीट और राज्य सरकार के बीच विवाद हुआ था। पटनायक ने राज्य में तीन अत्याधुनिक खेल सुविधाओं के उद्घाटन के बाद कहा, 'खेल में उपलब्धियों के लिए दुती को ओएमसी में समय से पहले पदोन्नति दी गई है।' इस फर्राटा धाविका ने ट्विटर पर फोटो शेयर करते हुए यह जानकारी भी दी।